न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
**NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED**
(भारत सरकार का उद्यम **A Government of India Enterprise)**
पंजीकृत कार्यालय: 16वां तल, सेंटर-1 विश्व व्यापार केंद्र , कफ परेड, कुलाबा
**Registered Office : 16th Floor, Centre-I, World Trade Centre,**
**Cuffe Parade, Colaba,** मुंबई **Mumbai – 400 005.**
सीआईएल संख्या **CIN NO:U40104MH1987GOI149458**
वेबसाइट **Website : www.npcil.nic.in**
टेली:**Tel (022) 22180281, 22182171,** ईमेल **email id: cswtc@npcil.co.in**

**सचिवीय लेखापरीक्षण हेतु व्यावसायिक कंपनी सचिवों की फर्म को वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु इम्पैनेलमेंट/ नियुक्ति हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण (ईओआई)।**

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EoI) FOR EMPANELMENT/APPOINTMENT OF FIRM OF COMPANY SECRETARIES IN PRACTICE FOR CONDUCTING SECRETARIAL AUDIT OF NPCIL FOR FY 2017-18.**

---

न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। परमाणु ऊर्जा विद्युत केंद्रों का प्रचालन व भारत सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों के अनुपालन के लिए न्यूक्लियर विद्युत उत्पादन हेतु परमाणु ऊर्जा अधिनियम, **1962** के अधीन परमाणु विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन के उद्देश्य से इस कंपनी का पंजीकरण कंपनी अधिनियम, **1956** के अंतर्गत सितंबर, **1987** को पब्लिक लिमिटेड कंपनी के रूप में किया गया था।

Nuclear Power Corporation of India Limited (NPCIL) is a Public Sector Enterprise under the administrative control of the Department of Atomic Energy (DAE), Government of India. The Company was registered as a public limited company under the Companies Act, 1956 in September 1987 with the objective of operating Atomic Power Stations and implementing the Atomic Power Projects for generation of electricity in pursuance of the schemes and programmes of the Government of India, under the Atomic Energy Act, 1962.

वित्तीय वर्ष 2017-18 व उसके बाद की समयावधि के लिए सचिवीय लेखापरीक्षण हेतु व्यावसायिक कंपनी सचिवों की फर्म को इम्पैनेलमेंट/ नियुक्ति हेतु एनपीसीआईएल अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

NPCIL invites Expression of Interest from firm of Company Secretaries in practice for empanelment/appointment for conducting Secretarial Audit of the Company for the FY 2017-18 and onwards.

ईओआई/प्रस्ताव (भाग-1) को अनुलग्नक-1 के रूप में, दर शीट/ कीमत बोली( भाग-1) को अनुलग्नक-1ए तथा इम्पैनेलमेंट व नियुक्ति हेतु निबंधनों को अनुलग्नक-2 के रूप में संलग्न किया गया है। इसे कंपनी की वेबसाइट (npcil.nic.in) से डाउनलोड अथवा कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 16वां तल, सेंटर-1 विश्व व्यापार केंद्र , कफ परेड, कुलाबा, मुंबई- 400005 में कंपनी सचिव के कार्यालय से दिनांक **09 .02.2018** से दिनांक **20.02.2018** तक प्रात: 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस (सोमवार से शुक्रवार) में प्राप्त किया जा सकता है।

Format of EoI/Offer (Part-1) is attached as **Annexure-I**, Rate Sheet/Price Bid (Part-II) as **Annexure-IA** and the norms proposed for empanelment and appointment are attached as **Annexure-II**. The same can also be downloaded from the Company's website (npcil.nic.in) or can be collected from the office of the Company Secretary, at the Registered office of NPCIL, 16th Floor, Centre-I, World Trade Centre, Cuffe Parade, Colaba, Mumbai-400005, on any working day (Monday to Friday) between 10.00 a.m. to 5.00 p.m. from **09.2.2018 to 20.2.2018**.

व्यावसायिक कंपनी सचिवों की इच्छुक फर्म उनके ईओआई/प्रस्ताव व दर शीट/कीमत बोली को सभी अनुलग्नकों सहित निर्धारित प्रपत्र में, दो अलग-अलग लिफाफों में दो भागों में अर्थात, भाग-1 व भाग-2 में उपर्युक्त पते पर **दिनांक 26 .02.2018 को सायं 05.00 बजे तक या उससे पहले प्रेषित कर सकती हैं।** ईओआई/प्रस्ताव के लिफाफे पर विधिवत मुहरबंद हो और उस पर "एनपीसीआईएल के सचिवीय लेखापरीक्षण हेतु इम्पैनेलमेंट/ नियुक्ति के लिए भाग-1 ईओआई/प्रस्ताव" तथा दर शीट/कीमत बोली वाले दूसरे लिफाफे पर विधिवत मुहरबंद व "भाग-2 दर शीट/ कीमत बोली" लिखा होना चाहिए।

The interested firms of Company Secretaries in practice may submit their EoI/Offer and Rate Sheet/Price Bid in prescribed format along with along with all Annexures in two parts i.e. Part-I and Part-II in two separate envelopes so **as to reach the office of Company Secretary at the above address on or before 26.02.2018 latest by 5.00 p.m.** The envelope containing the EoI/Offer should be duly sealed and superscribed as "Part-I. EoI/Offer for Empanelment/Appointment for conducting Secretarial Audit of NPCIL " and the second envelope containing the Rate Sheet/Price Bid sheet should be duly sealed and superscribed as " Part-II Rate sheet/ Price Bid ".

सभी सूचनाओं के दस्तावेजी साक्ष्य ईओआई/प्रस्ताव के साथ ही प्रस्तुत किए जाने हैं तथा जमा किए जाने वाले निबंधन व शर्तों के दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर व फर्म की मुहर लगी हो।

The documentary evidence of all the information are to be furnished along with the EoI/Offer and all the pages of the terms and conditions and documents submitted are to be signed with the seal of the firm.

कृते एवं वास्ते For and on behalf of
न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड Nuclear Power Corporation of India Limited

(श्रीकर आर. पई Srikar R. Pai)
कंपनी सचिव Company Secretary

स्थान: मुंबई
**Place: Mumbai**

दिनांक: **9 फरवरी, 2018**
**Date : February 9 , 2018**

**(कार्यरत कंपनी सचिवों की फर्म के लेटर हेड पर)**

**[On the letterhead of the firm of practicing Company Secretaries]**

**अलुनग्क-1 ANNEXURE - I**

**वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षण हेतु कार्यरत कंपनी सचिवों की फर्म को इम्पैनेलमेंट/ नियुक्ति हेतु आवेदन**

**APPLICATION FOR EMPANELMENT/APPOINTMENT OF FIRM OF COMPANIEY SECRETARIES IN PRACTICE FOR CONDUCTING SECRETARIAL AUDIT OF NPCIL FOR FY 2017-18.**

**भाग-1 वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए एनपीसीआईएल के सचिवीय लेखापरीक्षण हेतु कार्यरत कंपनी सचिवों की फर्म का इम्पैनेलमेंट/ नियुक्ति**

**PART-I Expression of Interest/Offer for Empanelment /Appointment for conducting Secretarial Audit of NPCIL for conducting Secretarial Audit of NPCIL for FY 2017-18 .**

1. व्यावसायिक कंपनी सचिवों की फर्म का नाम
   Name of the firm of Company Secretaries in practice.

   प्रमुख भागीदार/प्रबंधक भागीदार का नाम
   Name of the Lead Partner/ Managing Partner.
   (संबंधित दस्तावेज की पृष्ठ संख्या Document at Page No. ......)

2. फर्म का पंजीकरण संबंधी विवरण Registration details of the firm

   a) पंजीकरण संख्या Registration Number

   b) पंजीकरण की तारीख Date of Registration number.

   c) पंजीकरण की तारीख के बाद से स्थापना का वर्ष – मुख्यालय व शाखा कार्यालय
   Year of establishment since the date of registration - Head Office and Branch Offices.

   (संबंधित दस्तावेज की पृष्ठ संख्या Document at Page No. ......)

3. कार्यालय/कार्यालयों का विवरण Details of office(s) :
मुंबई/थाणे/नवी मुंबई में स्थित मुख्यालय या शाखा कार्यालय
Head or Branch Office situated in Mumbai/Thane/ Navi Mumbai.

a) पता Address

b) एसटीडी कोड सहित टेलीफोन संख्या Telephone number with STD code

c) एसटीडी कोड सहित फैक्स संख्या Fax number with STD code

d) ई-मेल का पता Email address

e) वेबसाइट, यदि कोई हो Website, if any

f) कार्यालय प्रभारी का नाम Name of the person in charge of the office

g) प्रमुख भागीदार या प्रबंधक भागीदार तथा कार्यालय प्रभारी के मोबाइल का नंबर

Mobile number of Lead Partner or Managing Partner and In-charge of the Office.

h) स्थापना का वर्ष Year of Establishment

(संबंधित दस्तावेज की पृष्ठ संख्या Document at Page No. ……)

4. फर्म का स्थायी खाता संख्या (पैन) Permanent Account Number (PAN) of the firm.

5. फर्म की जीएसटी पंजीकरण संख्या GST Registration Number of the firm.

कार्यरत कंपनी सचिवीय फर्म के भागीदारों का विवरण

6. Details of Partners of the firm of Company Secretaries in practice.
कुल भागीदारों की संख्या
Total number of Partners

| क्र. सं. Sr. No. | भागीदार का नाम Name of the Partner | एसोसिएट/ फेलो Associate/ Fellow | सदस्यता संख्या Membership Number | प्रैक्टिस संख्या का प्रमाणपत्र Certificate of Practice Number | पूर्णकालिक प्रैक्टिस अनुभव के कुल वर्षों की संख्या No. of years of experience in full-time practice |
|---|---|---|---|---|---|

(संबंधित दस्तावेज की पृष्ठ संख्या Document at Page No. ……)

7. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में रु. 500 करोड़ से अधिक परंतु रु. 1000 करोड़ से कम वार्षिक टर्नओवर वाली कंपनियों के किए गए सचिवीय लेखापरीक्षण संबंधी कार्यों की संख्या।

Number of secretarial audit assignments handled in last three Financial Years in companies having turnover of more than ₹500 crore but less than ₹1000 crore.

| क्र. सं. Sr. No. | कंपनी का नाम Name of the Company | नियुक्ति पत्र संख्या व तारीख Appointment Letter No. & date | टर्नओवर ₹ में Turnover in ₹ | यह सचिवीय लेखापरीक्षण किस वित्तीय वर्ष में किया गया FY for which Secretarial Audit was carried out |
|---|---|---|---|---|

(संबंधित दस्तावेज की पृष्ठ संख्या Document at Page No. ……)

8. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में रु 1000 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाली कंपनियों के किए गए सचिवीय लेखापरीक्षण संबंधी कार्यों की संख्या।

Number of Secretarial audit assignments handled in last three Financial Years in companies having turnover of more than ₹1000 crore.

| क्र. सं. Sr. No. | कंपनी का नाम Name of the Company | नियुक्ति पत्र संख्या व तारीख Appointment Letter No. & date | टर्नओवर ₹ में Turnover in ₹ | यह सचिवीय लेखापरीक्षण किस वित्तीय वर्ष में किया गया FY for which Secretarial Audit was carried out |
|---|---|---|---|---|

(संबंधित दस्तावेज की पृष्ठ संख्या Document at Page No. ……)

9. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम में किए गए सचिवीय लेखापरीक्षण संबंधी कार्यों की संख्या

Number of Secretarial audit assignments handled in a listed Central Public Sector Enterprise during the last three Financial Years.

| क्र. सं. Sr. No. | कंपनी का नाम Name of the CPSE | नियुक्ति पत्र संख्या व तारीख Appointment Letter No. & date | यह सचिवीय लेखापरीक्षण किस वित्तीय वर्ष में किया गया FY for which Secretarial Audit was carried out |
|---|---|---|---|

(संबंधित दस्तावेज की पृष्ठ संख्या Document at Page No. ……)

**प्रमाणपत्र CERTIFICATE**

1. प्रस्तुत सभी उपर्युक्त सूचनाएं सत्य व सही हैं।
   All the information provided above are true and correct.
2. आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य विधिवत हस्ताक्षरित व मुहर लगाकर संलग्न किए गए हैं।
   The required documentary evidences duly signed and sealed are enclosed.
3. यदि हमारी लेखापरीक्षण टीम को एनपीसीआईएल के सचिवीय लेखापरीक्षण हेतु नियुक्त किया जाता है तो हम पूर्णतया विश्वासयुक्त रीति से कार्य करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि कंपनी की सभी सूचनाएं पूर्णतया विश्वासी एवं गोपनीय रहें।
   If appointed to conduct the Secretarial Audit of NPCIL, our Audit team will work in strict confidence and will ensure that the information in respect of the Company is dealt in strict confidence and secrecy.
4. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कोई भी अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ/विचाराधीन नहीं है और प्रैक्टिस प्रमाणपत्र निलंबित नहीं किया गया है।
   There has not been any disciplinary action initiated or contemplated / suspension of Certificate of Practice during the last three Financial Years.
5. हमारे द्वारा उपर्युक्त वर्णित/संलग्न शीटों/ अनुलग्नक (अनुलग्नकों) में दर्शाए गए कार्यों के संबंध में किसी प्रकार की जांच किए जाने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है।
   We have no objection if enquiries are made about the work listed by us above / in the accompanying sheets / Annexure(s).
6. इस फर्म के भागीदार, कंपनी ( परिभाषाओं के विनिर्देशन विवरण) नियमावली की धारा 2(77) के नियम 4 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के निर्वचन की सीमा में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेशक/ अल्पकालिक निदेशक/ कंपनी के केएमपी से किसी प्रकार से संबंधित नहीं हैं।
   The partners of the firm are not related to CMD/ Whole-time Director/ Part-time Director/KMP of the Company within the meaning of Section 2(77) of the Companies Act, 2013 read with Rule 4 of the Companies (Specification of definitions details ) Rules ,2014. The partners of the firm are not having any interest in the business of the Company.

तारीख Date :

स्थान Place:

(मुहर सहित हस्ताक्षर Signature with Seal)

फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम व पदनाम तथा फर्म की मुहर

Name and Designation of the Authorized Signatory of the firm and Stamp of the firm

**आवेदन के साथ जमा किए जाने वाले विधिवत हस्ताक्षरित व मुहर लगे हुए दस्तावेजों की सूची**
**List of documents duly signed and sealed required to be submitted along with the application.**

| आवेदन प्रपत्र की क्रम संख्या Sr. No. of the application format | प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज Documents to be submitted |
|---|---|
| 1 | a) आईसीएसआई द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र<br>Registration Certificate of the firm issued by ICSI<br>b) प्रमुख भागीदार/ प्रबंधक भागीदार के संबंध में फर्म की घोषणा<br>Declaration by the firm regarding name of Lead Partner /Managing Partner. |
| 2 and 3 | a) आईसीएसआई द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र/पत्र व्यवहार जिसमें मुख्यालय व शाखा कार्यालय के अवस्थान का वर्णन हो।<br>Registration Certificate/Communication from the ICSI mentioning the place of Head Office and Branch Offices.<br>b) मुख्यालय व शाखा कार्यालयों के संबंध में फर्म की घोषणा।<br>Declaration to be given by the firm giving details of Head and Branch Offices |
| 6 | आईसीएसआई द्वारा सदस्यता के संबंध में अर्थात एसोसिएट या फेलो होने के प्रमाणपत्र की प्रतियां व प्रत्येक भागीदार की प्रैक्टिस के संबंध में आईसीएसआई द्वारा जारी प्रमाणपत्र। Copies of Membership Certificate indicating the category i.e. Associate or Fellow and the certificate of practice of each partner issued by ICSI. |
| 7,8 and 9 | a) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान संपादित किए जा चुके कार्यों के संबंध में जारी नियुक्ति पत्रों/ कार्य आदेशों की प्रतियां। Copies of appointment letters / Work Orders issued in respect of jobs already executed for the previous three FYs.<br>b) कंपनी की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए लाभ व हानि विवरण की कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित प्रतियां। Copy of the Statement of Profit and Loss for respective FYs downloaded from the website of the company duly attested by the authorized signatory of the firm. |

(कार्यरत कंपनी सचिवों की फर्म के लेटर हेड पर)

**[On the letterhead of the firm of practicing Company Secretaries]**

**अलुनग्क-1ए ANNEXURE – IA**

## भाग-2 दर शीट/ कीमत बोली PART-II - Rate Sheet/Price Bid

**वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-20 के सचिवीय लेखापरीक्षण के लिए शुल्क**
**Fees for Secretarial Audit fees quoted for FY 2017-18, 2018-19 and 2019-20.**

| विवरण Description | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | कुल Total |
|---|---|---|---|---|
| सचिवीय लेखापरीक्षण के लिए शुल्क Fee for Secretarial Audit | | | | |

**टिप्पणी** Notes:

i. यथाप्रयोज्य जीएसटी का भुगतान अलग से किया जाएगा।
GST as applicable shall be paid extra.

ii. यदि उपलब्ध हो तो भागीदारों/सहायकों को भुगतान आधार पर अतिथि गृह उपलब्ध कराया जाएगा।
Guest House, if available shall be provided to partners / Assistants on chargeable basis.

iii. शुल्क के अलावा, स्थानीय आवागमन/जेब से खर्च किए जाने वाली रकम को वास्तविक व्यय आधार पर किंतु रु.10000 वार्षिक की अधिकतम सीमा तक भुगतान किया जाएगा।
In addition to Fees, Local conveyance/out-of-pocket expenses at actuals but limited to ₹10,000 per year.

iv. एल-1 फर्म का निर्णय तीनों वर्षों के लिए उद्धृत कुल राशि के आधार पर किया जाएगा।
L 1 firm shall be decided based on total amount quoted for all 3 years.

# सचिवीय लेखापरीक्षण हेतु व्यावसायिक कंपनी सचिवों की फर्म को वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु इम्पैनेलमेंट/ नियुक्ति हेतु निबंधन

**Norms for Empanelment and Appointment of firm of Company Secretaries in practice for conducting Secretarial Audit of NPCIL for FY 2017-18.**

## A. पूर्व- योग्यता (पीक्यू) मानदण्ड Pre-Qualification (PQ) criterion

1. सचिवीय लेखापरीक्षकों का चयन आम निविदा के माध्यम अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण द्वारा किया जाएगा। पूर्व-योग्यता मानदण्ड (पीक्यू) उन्हीं फर्म के लिए है जिनका पिछले 10 वर्षों से मुख्यालय या शाखा कार्यालय मुंबई में होगा। पीक्यू फर्मों से 3 वर्षों की अवधि के लिए कीमत बोली आमंत्रित की जाएंगी। 3 वर्षों के लिए न्यूनतम शुल्क उद्धृत करने वाली फर्म को प्रारंभत: एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जाएगा व संतोषजनक कार्य निष्पादन के आधार पर यह 2 वर्षों की अवधि के लिए विस्तारयोग्य होगा।

   The selection of Secretarial Auditor will be made by inviting Expression of Interest (EoI) through public tender. Pre-Qualification (PQ) criteria shall be firms having Head or Branch Office in Mumbai for the last 10 years. Price bids will be invited from the PQ firms for a period of 3 years. The firm which quotes the lowest fees for 3 years shall be appointed initially for one year and extendable for the next 2 years, based on satisfactory performance.

2. **पात्रता मानदण्ड Eligibility Criteria**

   i. व्यावसायिक कंपनी सचिव फर्म का मुख्य या शाखा कार्यालय मुंबई/ थाणे/ नवी मुंबई में हो।
   Firm of Company Secretaries in practice having Head or Branch office in Mumbai / Thane / Navi Mumbai.

   ii. फर्म इस व्यवसाय में कम से कम 15 वर्षों से व्यावसायिक हो और कम से कम 10 वर्षों से उसका कार्यालय मुंबई/ थाणे/ नवी मुंबई में हो।
   Firm should have atleast 15 years standing in the Profession and an office in Mumbai / Thane / Navi Mumbai for atleast 10 years.

   iii. फर्म में कम से कम तीन ऐसे भागीदार हों जो इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के सदस्य हों और जिन्हें कम से कम 10 वर्षों का पूर्णकालिक प्रैक्टिस का अनुभव हो।
   The firm should have minimum three partners, who are the members of the Institute of Company Secretaries of India (ICSI) and who have minimum of 10 years of full-time practice.

iv. कंपनी सचिवों की इस फर्म में कार्य कर रहे भागीदार कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी प्रकार की अयोग्यता वाले न हों।

The partners of the firm of Company Secretaries in practice shall be free from any disqualification under the provisions of Companies Act, 2013.

## 3. मूल्यांकन मानदण्ड Evaluation Criteria

80 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली फर्में पूर्व-योगयता (पीक्यू) प्राप्त करेंगी और उन्हें दर शीट प्रारूप के अनुसार अपना शुल्क विवरण जमा करने के लिए सीमित निविदा आमंत्रण जारी किए जाएंगे। मूल्यांकन मानदण्ड निम्नानुसार हैं:

The firms having 80 marks and above shall be Pre-Qualified (PQ) and issued Limited Tenders inviting them to submit their fees as per the Rate Sheet format. The following shall be the evaluation criteria:

| **क्र. सं. Sl. No.** | **मानदण्ड का विवरण Particulars of criteria** | **अंकों का आधार Basis of marks** | **अधिकतम अंक Maximum marks** |
|---|---|---|---|
| 1. | पिछले तीन वित्तीय वर्षों में रु. 500 करोड़ से अधिक परंतु रु. 1000 करोड़ से कम वार्षिक टर्नओवर वाली कंपनियों के किए गए सचिवीय लेखापरीक्षण संबंधी कार्यों हेतु। Secretarial audit assignments handled during last three Financial Years in companies having turnover of more than ₹500 crore but less than ₹1000 crore. | प्रत्येक कार्यानुदेश के लिए 5 अंक 5 marks for each assignment | 30 |
| 2. | पिछले तीन वित्तीय वर्षों में रु 1000 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाली कंपनियों के किए गए सचिवीय लेखापरीक्षण संबंधी कार्यों हेतु। Secretarial audit assignments handled during last three Financial Years in companies having turnover of more than ₹1000 crore. | प्रत्येक कार्यानुदेश के लिए 10 अंक 10 marks for each assignment | 40 |
| 3. | पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम में किए गए सचिवीय लेखापरीक्षण संबंधी कार्यों हेतु। Secretarial audit assignment in a listed Central Public Sector Enterprise during last three Financial Years. | प्रत्येक कार्यानुदेश के लिए 10 अंक 10 marks for each assignment | 20 |
| 4. | कम से कम तीन योग्यताधारी भागीदारों वाली फर्म Firm with minimum three qualified partners. | 15 अंक 15 marks | 30 |
| 5. | तीन से अधिक योग्यताधारी भागीदारों वाली फर्म Firm with more than three qualified partners. | 30 अंक 30 marks | |
| | **अधिकतम अंक सीमा Maximum marks limited to** | | 100 |

**B. कार्य-क्षेत्र Scope of Work**

सचिवीय लेखापरीक्षण से संबंधित कार्यक्षेत्र कंपनीज़ ( नियुक्ति व प्रबंधन कर्मचारियों की परिलब्धियां) नियमावली, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनयम, 2013 के अनुच्छेद 204 के अनुरूप होगा। सचिवीय लेखापरीक्षण की रिपोर्ट को कंपनीज़ ( नियुक्ति व प्रबंधन कर्मचारियों की परिलब्धियां) नियमावली, 2014 के नियम 9 के अंतर्गत विहित प्रपत्र संख्या एमआर 3 के अनुसार प्रस्तुत किया जाएगा।

The scope of work relating to Secretarial Audit would be in line with section 204 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Appointment and Remuneration of Management Personnel) Rules, 2014. The Secretarial Audit Report shall be submitted as per the format in Form No.MR 3 prescribed under Rule 9 of the Companies (Appointment and Remuneration of Managerial Personnel) Rules, 2014.

**C. दर शीट Rate sheet**

| **विवरण**<br>Description | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | **कुल**<br>Total |
|---|---|---|---|---|
| **सचिवीय लेखापरीक्षण के लिए शुल्क**<br>Fee for Secretarial Audit | | | | |

**टिप्पणी** Notes:

i. यथाप्रयोज्य जीएसटी का भुगतान अलग से किया जाएगा।
GST as applicable shall be paid extra.

ii. यदि उपलब्ध हो तो भागीदारों/सहायकों को भुगतान आधार पर अतिथि गृह उपलब्ध कराया जाएगा।
Guest House, if available shall be provided to partners / Assistants on chargeable basis.

iii. शुल्क के अलावा, स्थानीय आवागमन/जेब से खर्च किए जाने वाली रकम को वास्तविक व्यय आधार पर किंतु रु. 10000 वार्षिक की अधिकतम सीमा तक भुगतान किया जाएगा।
In addition to Fees, Local conveyance/out-of-pocket expenses at actuals but limited to ₹10,000 per year.

iv. एल-1 फर्म का निर्णय 3 वर्षों के लिए उद्धृत कुल राशि के आधार पर किया जाएगा।
L 1 firm shall be decided based on total amount quoted for all 3 years.

**D. निबंधन एवं शर्तें Terms & Conditions**

(i) फर्म, यह कार्य उप-संविदा पर किसी अन्य एजेंसी को नहीं सौंपेगी।

The firm shall not sub-contract the work to any other agency.

(ii) लेखापरीक्षण का कार्य कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, 16वां तल, सेंटर-1, विश्व व्यापार केंद्र, कफ परेड, कुलाबा, मुंबई- 400 005 में किया जाएगा।

The Audit work has to be conducted at the Registered office of the Company at 16$^{th}$ floor, Centre-1, World Trade Centre, Cuffe Parade, Colaba, Mumbai 400 005.

(iii) संबंधित वित्तीय वर्ष की सचिवीय लेखापरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो जाने के पश्चात कंपनी सचिव द्वारा कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

Work Completion Certificate (WCC) will be issued by Company Secretary on receipt of Secretarial Audit Report for the relevant Financial Year.

(iv) कार्यपूर्णता प्रमाणपत्र एवं वैध जीएसटी इनवाइस जमा करने के 30 दिनों के भीतर भुगतान कर दिया जाएगा।

Payment will be made within 30 days on submission of WCC and valid GST Invoice.

**E. गोपनीयता Confidentiality**

फर्म अपने कार्यों में गोपनीयता का कड़ाई से पालन करेगी और सुनिश्चित करेगी कि कंपनी से संबंधित सूचनाओं को नितांत गोपनीय व गुप्त रहे। लेखापरीक्षण प्रारंभ करने से पहले कंपनी द्वारा गोपनीयता बनाए रखने संबंधी एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

The firm will work in strict confidence and will ensure that the information in respect of the company is dealt in strict confidence and secrecy. A certificate towards maintaining confidentiality to be provided by the firm before commencement of Audit.

**F. हितों का टकराव Conflict of Interest**

व्यावसायिक कंपनी सचिवों की फर्म के भागीदारों का कंपनीज़ ( परिभाषाओं के विवरण संबंधी विनिर्देशन) नियमावली, 2014 के नियम 4 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(77) के अर्थों की सीमा में, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ पूर्णकालिक निदेशक/ अंशकालिक निदेशक/ प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारियों से कोई संबंध नहीं होगा। फर्म के भागीदारों का कंपनी के व्यापार के साथ कोई हित जुड़ा नहीं होना चाहिए।

The partners of the firm of practicing Company Secretaries shall not be related to Chairman and Managing Director / Whole-time Director /Part-time Director / Key Managerial Personnel of the Company within the meaning of section 2(77) of the Companies Act, 2013 read with Rule 4 of the Companies (Specification of Definitions Details) Rules, 2014. The partners of the firm should not have any interest in the business of the Company.

**G. अन्य मामले Other Matters**

i) पात्रता तय करने की अंतिम तारीख 01 जनवरी, 2018 होगी।

The cut–off date for ascertaining the eligibility shall be 1st January 2018.

ii) समानता की स्थिति होने पर, अधिक अनुभव वाली फर्म (स्थापना के वर्ष के आधार पर) को उच्चतर वरीयता दी जाएगी। यदि इसके बाद भी समानता वाली स्थिति बनती हो तो, जिस फर्म में अधिक भागीदारों के पास आईसीएसआई की फेलो मेंबरशिप होगी उसे उच्चतर वरीयता दी जाएगी।

In case of tie, the firm with longer experience (based on the year of establishment) will be given higher preference. If still there is a tie, the firm with more Partners possessing Fellow membership of ICSI will be considered for higher priority.

ii) एनपीसीआईएल प्रबंधन के पास सभी या किसी भी बोली को बगैर कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

The management of NPCIL reserves the right to reject all or any bids without assigning any reason(s) whatsoever thereof.